# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि $\frac{\text{10 चैत्र, 1937 (श0)}}{\text{31 मार्च, 2015 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 79

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | प्राथमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 23 |
| (2) | माध्यमिक शिक्षा विभाग | .. | .. | 30 |
| (3) | अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग | .. | .. | 03 |
| (4) | उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग | .. | .. | 01 |
| (5) | उच्च शिक्षा विभाग | .. | .. | 02 |
| (6) | कला, संस्कृति एवं युवा कल्याण विभाग | .. | .. | 05 |
| (7) | समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 01 |
| (8) | निबंधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (9) | परिवहन विभाग | .. | .. | 08 |
| (10) | पर्यावरण एवं वन विभाग | .. | .. | 02 |
| (11) | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | .. | .. | 01 |
| (12) | पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | .. | 02 |
| | | | कुल योग — | 79 |

संचालन कराना

''क''-*554. श्रीमती पूनम देवी यादव--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 12 दिसम्बर, 2014 को छपी खबर ''महेशखूँट बस स्टैण्ड पर अवैध कब्जा'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत महेशखूँट बस स्टैण्ड की स्थिति जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बस स्टैण्ड के अन्दर 26 स्टॉल है, जो बन्द पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बस स्टैण्ड का जीर्णोद्धार कर बन्द पड़े स्टॉल को चालू करते हुये बस स्टैण्ड से बस तथा अन्य गाड़ियों का संचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*710. श्री मनोज कुमार--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत धोरैया विधान-सभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति की आबादी राज्य में सर्वाधिक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि धोरैया में अनुसूचित जाति/जनजाति आवासीय विद्यालय नहीं है जिसके कारण इस वर्ग के हजारों गरीब बच्चों को पठन-पाठन में असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार धोरैया में अनुसूचित जाति/जनजाति आवासीय विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*711. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखंड में प्राथमिक विद्यालय, गोनर बिगहा तथा प्राथमिक विद्यालय, बेनीपुर भवनविहीन है जिसके कारण वहाँ के बच्चों को काफी परेशानी हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पूर्ण करना

*712. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावां प्रखंड के ग्राम-बलवापर, मालती के निकट मॉडल उच्च विद्यालय का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2013-14 में प्रारंभ किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालय में प्राक्कलन के विपरीत कार्य किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राक्कलन के विपरीत कार्य कराने वाले संबंधित अभियंता एवं संवेदक पर कारवाई करते हुये प्राक्कलन के मुताबिक उक्त विद्यालय का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क''-सदन द्वारा दिनांक 26 मार्च, 2015 को परिवहन विभाग को स्थानांतरित ।

निर्माण करना

*713. डॉ० रणविजय कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखंड के दादर कुंडवां, रूकुन्दी, मलहद, गोह, हरिगाँव, बेजलपुर, प्रोजेक्ट वि० गोह एवं गाँधी उच्च विद्यालय, गोह हसपुरा प्रखंड के हसपुरा, कन्या उ०वि०, हसपुरा, देवहारा मलहारा, तिलकपुरा, उच्च विद्यालयों में भवन निर्माण हेतु राशि भेजी गई थी जो 15 अक्टूबर, 2010 के आदेशानुसार वापस कर लिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उच्च विद्यालयों के भवन की स्थिति बिल्कुल जर्जर है तथा छात्रों के पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उच्च विद्यालयों का भवन बनवाना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चालू करना

*714. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, बेलदारी महदेवा तथा गंगटा में शिक्षकों के अनुपस्थिति के कारण पिछले आठ माह से शैक्षणिक कार्य बंद है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में शिक्षण कार्य बंद रहने के कारण ग्राम-बेलदारी महदेवा तथा गंगटा के महादलित परिवार के बच्चे प्राथमिक शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों में शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति कर शैक्षणिक कार्य चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण करना

*715. डॉ० उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड के सरसी, सियारामपुर, मुगिला, खनपुरा, अमरपुरा एवं प्रखंड कार्यालय परिसर में आँगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण कार्य जनवरी, 2013 ई० में शुरू करने के बाद कार्य पूरा किये बिना बंद कर दिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इन अधूरे पड़े आँगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का शीघ्र निर्माण कराना चाहती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

उपलब्ध कराना

*716. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत बढ़ौनिया में स्थित आर०के०एल०जी० उच्च विद्यालय का भवन जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय में छात्रों को स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालय के भवन की मरम्मती तथा पेयजल एवं शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*717. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (उ0 शि0) यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के मुंशीलाल आर्य कॉलेज का चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है उक्त कॉलेज के चहारदीवारी का निर्माण नहीं होने से कॉलेज के जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कॉलेज के चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच करना

*718. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहिया में "शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र" के भवन निर्माण वित्तीय वर्ष 2013-14 में शैक्षणिक आधारभूत संरचना द्वारा निविदा निकालकर कार्य प्रारंभ कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ता को ख्याल में न रखकर निम्न श्रेणी का ईंटा, सीमेंट, छड़ का इस्तेमाल किया जा रहा है एवं पीलर की गहराई भी कम किया जा रहा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता द्वारा संवेदक से एवं विभागीय पदाधिकारी से प्राक्कलन की माँग दिसम्बर, 2014 से लगातार करने के बावजूद आजतक उपलब्ध नहीं कराया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्माणाधीन भवन के गुणवत्ता की उच्चस्तरीय जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*719. डॉ0 (मो0) जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज विधान सभान्तर्गत +2, उच्च विद्यालय सिंघिया में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं के सुरक्षा में कठिनाइयाँ आती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में शुद्ध पेयजल एवं शौचालय नहीं रहने पर छात्रों को परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी, शौचालय निर्माण एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*720. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत धोरैया प्रखंड में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, अरसण्डा के भवनहीन होने के कारण बच्चे पेड़ के नीचे पढ़ते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस विद्यालय का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विचार करना

*721. श्री गिरिधारी यादव--क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पर्यावरण एवं वन विभाग के संकल्प सं0 वन निगम 03/09-332 दिनांक 28 जनवरी, 2013 द्वारा बिहार राज्य वानिकी विकास निगम लिमिटेड का गठन किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बंद हो चुके बिहार राज्य वन विकास निगम के कर्मियों का समायोजन बिहार राज्य वानिकी विकास निगम लिमिटेड में छः माह के अन्दर किया जाना था परन्तु अभीतक समायोजन नहीं होने के कारण कर्मियों के समक्ष वेतन के अभाव में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बंद हुये बिहार राज्य वन विकास निगम के कर्मियों का समायोजन बिहार राज्य वानिकी विकास निगम लिमिटेड में करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*722. श्रीमती मंजु कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड स्थित हृदय नारायण उच्च विद्यालय में 1600 छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं, किन्तु छात्रों के अनुपात में विद्यालय में कक्षाएँ नहीं है जिस कारण छात्र-छात्राओं को अलग-अलग एक दिन बीचकर पढ़ाया जाता है, जबकि विद्यालय के पास कक्षा निर्माण हेतु अपनी पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुपात में शीघ्र कक्षा निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बस का परिचालन

*723. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है गोपालगंज जिला के प्रमुख शहर, गोपालगंज, मीरगंज, मोरे, कटैया से बिहार राज्य परिवहन विभाग द्वारा वातानुकूलित बस का परिचालन नहीं किया जाता है, जिससे वृद्ध एवं बीमार यात्रियों को पटना आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त शहरों से पटना आने-जाने हेतु वातानुकूलित बस सेवा का परिचालन कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

छात्रवास खोलना

*724. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर एवं दिघवारा प्रखंड में पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए आवासीय छात्रावास नहीं है, जिसके कारण उक्त वर्ग के छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में आवासीय छात्रावास खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि राज्य के प्रत्येक जिले में पिछड़े वर्ग एवं अतिपिछड़े वर्ग के लिए एक कल्याण छात्रावास एवं एक जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास बनाने का निर्णय है। निर्णय के आलोक में सारण जिलान्तर्गत पूर्व से ही जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा कैम्पस में कल्याण छात्रावास निर्मित है, एवं अतिपिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास सारण जिला के सदर छपरा अंचल अन्तर्गत मौजा-विष्णुपुरा में निर्माणाधीन है।

विचार करना

*725. श्री ज्ञानचंद माँझी--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक शिक्षकों को पूरे सेवाकाल में दो वरीय वेतनमान यथा प्रथम बारह वर्ष पूर्ण होने पर तथा द्वितीय चौबीस वर्ष पूर्ण होने पर देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिला में मैट्रिक प्रशिक्षित वेतनमान में कार्यरत लगभग तीन हजार शिक्षकों को द्वितीय वरीय वेतनमान देने का निर्णय विभागीय पदाधिकारियों के लापरवाही के कारण विगत तीन वर्षों से मुख्यालय में लंबित है फलतः शिक्षकों को काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मैट्रिक प्रशिक्षित शिक्षकों को शीघ्र द्वितीय वरीय वेतनमान देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

केन्द्र खोलना

*726. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत परैया प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र नहीं है जिससे इस क्षेत्र में कला एवं संस्कृति संबंधी ज्ञान प्राप्ति हेतु युवाओं को दूर जाना पड़ता है, फलस्वरूप आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जिले के परैया प्रखंड में कला एवं संस्कृति केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

प्रारंभ कराना

*727. श्री अशोक कुमार यादव--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रमंडलीय मुख्यालय दरभंगा में राष्ट्रीय सम-विकास योजना से 4 करोड़ 30 लाख रु० की लागत से बस स्टैण्ड पिछले एक वर्ष से बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक नवनिर्मित बस स्टैण्ड से गाड़ियों का परिचालन प्रारम्भ नहीं हुआ है जिसके कारण आम लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है एवं राजस्व की भी भारी क्षति हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवनिर्मित बस स्टैण्ड से गाड़ियों का परिचालन प्रारम्भ कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*728. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''चोरी के डर से 25 साल इश्यू नहीं हुई नई किताबें'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शिक्षा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना विश्वविद्यालय के सेन्ट्रल लाइब्रेरी में वर्ष 1980 के दशक में खरीदी गई पुस्तकें वर्ष 2014 तक पुस्तकालयों की शेल्फ में नहीं रखी गई क्योंकि लाइब्रेरियन को डर सता रहा था कहीं मेरे छात्र इसे चुरा न लें ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुस्तकालय में डाइरेक्टर इन्चार्ज ने अपने निरीक्षण के क्रम में पाया कि लाइब्रेरी के बाथरूम के बाहर किताबों की ढेर लगी हुई थी, लेकिन उक्त पुस्तकें की देख-रेख करनेवाले सही ढंग से पुस्तकों को नहीं रख पाते ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनियमितता के लिये दोषियों पर कारवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*729. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जन-जाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखंड के सुमरित उच्च विद्यालय के अनुसूचित जाति एवं जन-जाति छात्रावास विगत 10 वर्षों से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छात्रावास जर्जर होने से छात्रावास में रहनेवाले छात्र को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्रावास भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

निर्माण करना

*730. श्री कुमार शैलेन्द्र --क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के लोकमानपुर पंचायत कोसी नदी के पार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लोकमानपुर में उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण वहाँ के छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोकमानपुर में उच्च विद्यालय का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

बस का परिचालन

*731. श्री रतनेश सादा--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सोनवर्षा प्रखंड से प्रतिदिन दरभंगा, मुजफ्फरपुर एवं पटना के लिये यात्री प्राइवेट बसों द्वारा यात्रा करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जगहों पर सरकारी बसों का परिचालन नहीं रहने के कारण प्राइवेट बसों को दुगना भाड़ा देकर यात्रा करना पड़ता है जिससे आम नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोनवर्षा से दरभंगा, मुजफ्फरपुर तथा पटना तक बस चलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

उत्क्रमित करना

*732. श्री अब्दुस सुबहान --क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी प्रखंड मीनापुर पंचायत स्थित मध्य विद्यालय, हरदार से सभी उच्च विद्यालय 10 कि०मी० की दूरी पर रहने के कारण छात्र-छात्राएँ उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय, हरदार उत्क्रमित करने हेतु भवन एवं भूमि सहित सभी प्रक्रिया पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हरदार मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विचार करना

*733. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत गनैली के ग्राम-माधोडीह स्थित उच्च विद्यालय भवन की स्थिति जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्यालय में बेंच, टेबुल, कुर्सी इत्यादि का अभाव है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्यालय भवन की मरम्मती कराने तथा बेंच, टेबुल, कुर्सी इत्यादि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पूर्ण करना

*734. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावां प्रखंड के उ०वि०, महम्मदपुर को +2 विद्यालय में उत्क्रमण वर्ष 2009-10 में किया गया है तथा उत्क्रमण के पश्चात् उक्त विद्यालय के कैम्पस में नये +2 भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ लेकिन आजतक उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार उक्त विद्यालय भवन का निर्माण कार्य ससमय पूरा नहीं करनेवाले संवेदक पर कार्रवाई करते हुये इसको कबतक पूरा कराने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*735. श्री (डॉ०) कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी अनुमंडल में पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग बालिका विद्यालय नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नीमचक बथानी अनुमंडल शैक्षणिक स्तर से पिछड़ा क्षेत्र है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नीमचक बथानी अनुमंडल के खिजरसराय में एक पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग बालिका विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*736. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, शिक्षा (मा० शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखंड के सांढमाफ गाँव में मध्य विद्यालय है, जहाँ 763 बच्चे एवं 7 शिक्षक हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय से प्रतिवर्ष 150 छात्र-छात्राएँ अष्टम वर्ग पास करते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि यहाँ से उच्च विद्यालय, शिवसोना की दूरी 6 कि०मी०, सिकन्दरा उच्च विद्यालय की दूरी 7 कि०मी० तथा हलसी उच्च विद्यालय की दूरी 9 कि०मी० है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सांढमाफ मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्यालय खोलना

*737. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखंड के मोहनपुर, मधुवन पंचायत के मुस्तफापुर ग्राम में प्रा०वि० नहीं रहने के कारण बच्चों को 2 कि०मी० से अधिक दूरी तयकर विद्यालय जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

उत्क्रमित करना

*738. श्री (डॉ०) अरूण कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत, तरियामा में एक भी उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण वहाँ के छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में मध्य विद्यालय, तरियामा उत्क्रमण हेतु सभी मानक को पूरा करते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय, तरियामा को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय खोलना

*739. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड की आबादी लगभग 5 लाख से ज्यादा है जिससे 22 प्रतिशत से ज्यादा महादलित एवं दलित समुदाय की आबादी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूरे प्रखंड में महादलित एवं दलित वर्ग के गरीब बच्चों को पढ़ने के लिये एक भी आवासीय मध्य एवं उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे गरीब बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्ग के गरीब बच्चों को आवासीय विद्यालय खोलकर शिक्षा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

व्यवस्था करना

*740. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के अकिदतपुर पंचायत के मध्य विद्यालय, अठगामा में वर्तमान में 1,248 छात्र-छात्राएँ हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि मध्य विद्यालय, अठगामा में कुल शिक्षकों की संख्या 6 है जिसमें तीन नियमित शिक्षक एवं तीन पंचायत में नियोजित शिक्षक हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त मध्य विद्यालय में कमरा की संख्या मात्र 6 है एवं स्कूल में बेंच एवं डेस्क नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में शिक्षकों एवं कमरा की संख्या बढ़ाने एवं विद्यालय में बेंच एवं डेस्क की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्थापित करना

*741. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड के ग्राम-कोसडिहरा में प्राथमिक विद्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने से ग्रामीण बच्चों को शिक्षण कार्य में काफी दिक्कत हो रही है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्थल पर प्राथमिक विद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*742. श्रीमती रजिया खातुन--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंड स्थित बाकरपुर हाई स्कूल में चहारदीवारी नहीं है जिस कारण छात्राओं को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्कूल में चहारदीवारी का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*743. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले में अवर निबंधन कार्यालय, माधोपुर, सिधवलिया में निबंधन कार्य सम्पादन हेतु अवर निबंधक, फुलवरिया सप्ताह में तीन दिन कार्य सम्पादित करने हेतु प्रतिनियुक्त है जिससे सप्ताह में तीन दिन ही निबंधन कार्यालय चलते हैं जिससे सरकार को राजस्व हानि होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि अवर निबंधन कार्यालय, माधोपुर, सिधवलिया किसान भवन से संचालित है;

(3) क्या यह बात सही है कि अवर निबंधन कार्यालय, माधोपुर, सिधवलिया में अबतक अवर निबंधक के पद पर स्थायी पदस्थापन नहीं की गयी है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवर निबंधक के पद पर स्थायी पदस्थापन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है । कार्य सम्पादन सप्ताह में 3-4 दिन होता है, जिससे उपस्थापित दस्तावेजों का निबंधन होने से राजस्व की प्राप्ति होती है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) स्वीकारात्मक है ।

(4) अवर निबंधक के 19 पदों पर नियुक्ति हेतु बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 56वीं से 59वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में विज्ञापित है । बिहार लोक सेवा आयोग से नियुक्ति की अनुशंसा प्राप्त होते ही स्थायी पदस्थापन कर दिया जायेगा ।

---------

निर्माण करना

*744. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कलानंद उच्च विद्यालय, गरबनैली एवं अबू कलाम छात्रावास एवं क्रलावती छात्रावास का भवन विगत 10 वर्षों से जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छात्रावास का भवन जर्जर होने से छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त छात्रावास भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बस का परिचालन

*745. श्री रामनरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड मुख्यालय से राज्य ट्रांसपोर्ट की बस चलती थी जो अब बंद कर दी गयी है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखंड मुख्यालय से राज्य ट्रांसपोर्ट की बस चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*746. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत सभी 27 प्रखंडों में कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय मॉडल-III स्थापित है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सभी 27 विद्यालयों में स्वीकृत 100-100 बालिकाओं के विरुद्ध फेनहारा प्रखंड को छोड़कर सभी विद्यालयों के बालिकाओं का नामांकन कम है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बालिकाओं का नामांकन कम होने की उच्चस्तरीय जाँच कराकर दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

व्यवस्था करना

*747. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 1 सितम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "पढ़ाई छोड़ शौच के लिये घर जाते हैं बच्चे" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सरकारी स्कूलों में शौच के लिये आज भी बच्चे बाहर खेतों में जाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर के फकिराना उर्दू मध्य विद्यालय सहित डेढ़ दर्जन प्राथमिक विद्यालयों में बालक एवं बालिका के लिये भी शौचालय नहीं है, जिससे विद्यालय के निकट पढ़ने वाले छात्र/छात्राएँ शौच के लिये अपने-अपने घर में जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र/छात्राओं के हित में शौचालय की व्यवस्था विद्यालय में करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

सुविधा देना

*748. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड में कजरा में स्थित कस्तुरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय के भवन निर्माण हेतु राशि पाँच वर्ष पूर्व निर्गत किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं कराये जाने के कारण विद्यालय में पढ़नेवाली बालिकाओं को मूलभूत सुविधाएँ नहीं प्राप्त हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सूर्यगढ़ा प्रखंड के कजरा स्थित कस्तुरबा गाँधी आवासीय विद्यालय का भवन पूर्ण कराकर पढ़नेवाले बालिकाओं का मूलभूत सुविधाएँ देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रारम्भ करना

*749. डॉ0 रणविजय कुमार--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखण्ड के गाँधी उच्च विद्यालय के स्टेडियम निर्माण हेतु 32.00 लाख रुपये की स्वीकृति मिली थी, तदनुसार 10.70 लाख राशि जिले को भेजी गई थी पर आजतक कार्यारंभ भी नहीं हो सका, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

शिक्षकों का पदस्थापन

*750. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, शिक्षा (उच्च माध्यमिक) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत घोड़ासहन प्रखण्ड स्थित महंथ रामजी दास शशि भूषण दास प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में +2 स्तर में सृजित 14 पद के विरुद्ध मात्र 4 शिक्षक कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण पठन-पाठन बाधित हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र हित में उक्त विद्यालय में +2 एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षकों की कमी दूर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

मरम्मती कराना

*751. श्री महेश पासवान--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत फलका प्रखण्ड के बासवती हरिमंडल उच्च विद्यालय, पोठिया का भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उत्क्रमित करना

*752. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के चरपोखरी प्रखण्ड के बाबूबाँध पंचायत में बाबूबाँध ग्राम में छात्र/छात्राओं के पढ़ाई हेतु सिर्फ मध्य विद्यालय है एवं आगे की पढ़ाई हेतु उन्हें काफी दूर जाना पड़ता है जिससे पठन-पाठन में कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पूर्ण करना

*753. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहियाँ प्रखण्ड के यादोपुर खेल मैदान एवं बिहियाँ इंटर कॉलेज खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2009-10 में निविदा निष्पादन के उपरांत प्रारम्भ कराया गया था, परन्तु निर्माण कार्य बीच में ही रोक दिये जाने के कारण अबतक स्टेडियम का निर्माण पूर्ण नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों स्टेडियमों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्रवाई करना

*754. डॉ0 (मो0) जावेद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के एच0 एस0 एस0 बालिका उच्च विद्यालय, किशनगंज में 1 करोड़ 8 लाख 76 हजार 8 सौ 66 रु0 की लागत से भवन निर्माण किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन निर्माण कार्य में लाल बालू के स्थान में लोकल बालू, दो नम्बर ईंट एवं सीमेंट की बहुत ही कम मात्रा देकर प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

उत्क्रमित करना

*755. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखण्ड में उच्च विद्यालय, हफनिया एवं उच्च विद्यालय, विष्णुपुर है, जिसके लगभग 15 कि0मी0 की दूरी पर 10+2 विद्यालय स्थित है, जबकि दोनों उच्च विद्यालय 10+2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने की सारी शर्तों को पूरा करता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को 10+2 में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

प्रारम्भ करना

*756. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा0 शि0) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत राजकीय उच्च विद्यालय, शरीफगंज में वर्ष 2011-12 में +2 भवन का निर्माण हो जाने के बावजूद अभीतक +2 का पठन-पाठन प्रारम्भ नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय से दसवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को +2 की पढ़ाई दूसरे विद्यालय में करनी पड़ती है जिससे उन्हें कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में +2 के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करते हुये पठन-पाठन प्रारम्भ करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पक्कीकरण करना

*757. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय, दरभंगा के जमीन की घेराबंदी तार से 2014 में की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में अवांछित तत्वों द्वारा तार के घेराबंदी को तोड़कर अतिक्रमण कर लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय के जमीन की घेराबंदी का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*758. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखण्डान्तर्गत बखरी पंचायत के ग्राम-विक्रमपुर बनिया छापर में वर्ष 2011 में प्राथमिक विद्यालय का नवसृजन हुआ जिसमें करीब 200 बच्चे अध्ययनरत है जिसका पठन-पाठन का कार्य भवन के अभाव में खुले आसमान में होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नवसृजित विद्यालय का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पूर्ण करना

*759. श्रीमती कविता कुमारी--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सिसवन प्रखण्ड के 10+2 उच्च विद्यालय, चैनपुर में भवन के अभाव में दो पालीयों में वर्ग का संचालन किया जाता है जिसके कारण छात्र-छात्राओं को अध्ययन कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जाँच कराना

*760. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत नोखागढ़ +2 विद्यालय का 2.5 करोड़ के लागत से भवन का निर्माण कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय के भवन का निर्माण का कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं कराया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त +2 विद्यालय नोखागढ़ के भवन की गुणवत्ता की जाँच कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*761. श्री सबा जफर--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखण्ड मुख्यालय में उच्च विद्यालय होने के बावजूद 10+2 की पढ़ाई नहीं होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित विद्यालय 10+2 में उत्क्रमित होने की सारी शर्त्तों को पूरा करता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अमीर उच्च विद्यालय को 10+2 में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*762. श्री श्याम बिहारी प्रसाद--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत बंजरिया प्रखण्ड के ग्राम-सुन्दरपुर में उत्क्रमित मध्य विद्यालय है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में जमीन के अभाव के चलते मात्र तीन कमरा बना है, जिसमें 588 छात्र-छात्राएँ को पठन-पाठन कराने के लिये 10 शिक्षक पदस्थापित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन को असुविधाओं को देखते हुये उक्त जमीन पर दो मंजिला भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

राजस्व संग्रह का औचित्य

*763. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 30 जनवरी, 2015 के अंक में छपी खबर ''लक्ष्य के अनुरूप कम हुआ राजस्व संग्रह'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में परिवहन विभाग के अधीन कार्यरत चेक पोस्टों के द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष 2013 में अप्रील से दिसम्बर, तक लक्ष्य 4947 लाख से अधिक 5309 लाख का राजस्व संग्रह किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2014 में अप्रील से दिसम्बर तक राज्य के चेक पोस्टों द्वारा लक्ष्य 6688 लाख रु० से कम 6258 लाख का राजस्व संग्रह किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो लक्ष्य से कम राजस्व संग्रह का क्या औचित्य है ?

---

पूर्ण करना

*764. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत सुर्यगढ़ा प्रखण्ड के पीरी बाजार स्थित घुसैठ उच्च विद्यालय मैदान में वर्ष 2009 में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक स्टेडियम का निर्माण पूर्ण नहीं कराया गया है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रगति प्रतिवेदन में स्टेडियम को पूर्ण दिखाकर राशि की निकासी की जा चुकी है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपूर्ण स्टेडियम का प्रतिवेदन में पूर्ण दिखाकर अनियमितता करने वाले संवेदक पर कार्रवाई करते हुये, स्टेडियम के कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## निर्माण करना

*765. श्री अब्दुस सुबहान– क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी अनुमंडल मुख्यालय में एकमात्र प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय 10+2 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय में 600 छात्राएँ के अध्ययन करने के बावजूद आजतक छात्रावास का निर्माण नहीं करने से छात्राओं को अध्ययन करने के बावजूद आजतक छात्रावास का निर्माण नहीं करने से छात्राओं को अध्ययन करने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कन्या उच्च विद्यालय में छात्रावास को स्वीकृत कर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## निर्माण करना

*766. डॉ० अब्दुल गफूर– क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के भुपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के परिसर में अन्तर राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम निर्माण हेतु 26 एकड़ जमीन चिन्हित करते हुये 168 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट का प्रस्ताव जिला पदाधिकारी मधेपुरा द्वारा सरकार को भेजा गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रोजेक्ट को स्वीकृत कर स्टेडियम निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## विद्यालय खोलना

*767. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा– क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अन्तर्गत गुरूआ प्रखंड के ग्राम पंचायत बर्मा के अन्तर्गत ग्राम-रूपनचक में प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण उस गाँव के बच्चों के शिक्षा पाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## संचालित करना

*768. श्री अरूण शंकर प्रसाद– क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 533 कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय (आवासीय) संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वार्डेन का कुल स्वीकृत पद 535 के विरुद्ध 300 कार्यरत है तथा 235 पद रिक्त है फुलटाइम शिक्षक का कुल स्वीकृत पद 1605 के विरुद्ध 916 कार्यरत तथा 689 पद रिक्त है लेखापाल के 535 पद के विरुद्ध 250 कार्यरत तथा 285 पद रिक्त एवं रसोईया, सहायक रसोईया के कुल स्वीकृत पद 1605 के विरुद्ध 691 कार्यरत तथा 914 पद रिक्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रिक्त पदों पर बहाली कर पठन-पाठन सुचारू रूप से संचालित करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पार्क बंद करने का औचित्य

*769. श्रीमती सुनीता सिंह दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 6 फरवरी, 2015 को छपे शीर्षक ''3 करोड़ खर्च कर एक साल बंद रखा पार्क'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है पटना जिला के हार्डिंग पार्क स्थित वीर कुँवर सिंह आजादी पार्क की मरम्मती एवं सुविधाओं पर वर्ष 2013 में बुडको द्वारा 3 करोड़ रुपये खर्च की गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि वीर कुँवर सिंह आजादी पार्क में 1 करोड़ नाले के निर्माण पर खर्च हुआ और 2 करोड़ रुपये फूल पत्तियों और कृत्रिम पहाड़ पर खर्च किये गये लेकिन अबतक कार्य अधूरा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि 1 वर्ष बुडको द्वारा पार्क को आमलोगों के लिये बंद रखा गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो तीन करोड़ रुपये खर्च कर 1 साल से पार्क बंद रखने का क्या औचित्य है ?

----

उत्क्रमित करना

*770. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के प्रखंड उचकागाँव के ग्राम पंचायत राज वलेसरा में कोई भी माध्यमिक विद्यालय नहीं है जिससे छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु दूर-दराज जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँव में स्थित म० विद्यालय असनन्द टोला माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमण की सभी शर्तों को पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय असनन्द टोला को माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण करना

*771. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मिर्जापुर के भवन निर्माण मद में 2012 ई० में ही 1,56,000.00 रु० की राशि स्वीकृत हुई है लेकिन अबतक भवन निर्माण का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ जिससे छात्रों को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ शीघ्र विद्यालय भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*772. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय, बलुवन सागर लक्ष्मीपुर मध्य विद्यालय में उत्क्रमण की सभी शर्तों को पूरा करता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को मध्य विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण करना

*773. डॉ० फैयाज अहमद—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत उच्च विद्यालय, परसौनी में पठन-पाठन हेतु मात्र 5 कमरा है और 2 कमरा जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे शिक्षण कार्य बाधित होता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में पठन-पाठन हेतु अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्धारण करना

*774. श्री मंजीत कुमार सिंह—दिनांक 1 फरवरी, 2015 के दैनिक समाचार-पत्र में छपे शीर्षक ''स्कूल बसों के मनमाने किराये पर अंकुश लगेगा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना में 1,780 स्कूल है, 1,780 स्कूल में 3,000 के करीब स्कूल बस है किसी भी स्कूल में बस किराया का कोई निर्धारित मापदण्ड नहीं है, जब मर्जी किराया बढ़ा दिया जाता है जिससे अभिभावक को परेशानी होती रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि तेल की कीमत घटने के बाद भी स्कूल बसों के किराये में कमी नहीं की गई है;

(3) क्या यह बात सही है कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार (आर०टी०ए०) सचिव द्वारा अबतक डीजल की कीमत घटने के बाद भी नये सिरे से किराया तय नहीं की गई है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अबतक स्कूल बसों के किराया का निर्धारण नहीं करने का औचित्य क्या है ?

---

निर्माण करना

*775. श्रीमती पुनम देवी यादव—हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 31 जनवरी 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''बहाल है तेमथा मिडिल स्कूल का भवन'' के आलोक में क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परवत्ता प्रखंड के मध्य विद्यालय तेमथा का भवन जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि सर्वशिक्षा अभियान के तहत वर्ष 2008 में 6 लाख 32 हजार रुपया तथा वर्ष 2014 में 7 लाख 51 हजार रुपया विद्यालय भवन के निर्माण के लिये आवंटित किया गया है जो राशि अबतक बैंक में जमा है जबकि वर्ग कक्ष के अभाव में बच्चों को पठन-पाठन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार आवंटित राशि से विद्यालय का वर्ग कक्ष निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

निर्माण करना

*776. श्रीमती रजिया खातुन—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत कल्याणपुर प्रखण्ड के बाकरपुर स्थित कस्तुरबा बालिका विद्यालय में चहारदीवारी नहीं है, जिस कारण छात्राओं को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

उत्क्रमण करना

*777. श्री रामेश्वर प्रसाद–क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के राजपुर प्रखंड के अंतिम छोर पर मध्य विद्यालय तरांव है, जिसके 8 कि०मी० के परिधि में कोई उच्च विद्यालय नहीं है, जिससे तरांव, धोबडीहा, गम्हरीया, रामडीहा, सरांव आदि गाँव के छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में परेशानी होती है तथा उक्त विद्यालय उच्च विद्यालय में उत्क्रमण की सभी शर्तों को पूरा करता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मध्य विद्यालय को उत्क्रमण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विचार करना

*778. श्रीमती पूनम देवी यादव–स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 25 नवम्बर, 2014 को छपी खबर ''कक्ष में ताला, परिसर बना किसानों का खलिहान'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली प्रखंड का प्राथमिक विद्यालय भिरोड़िया मुसहरी के कमरों में ताला लगा है और विद्यालय परिसर का उपयोग स्थानीय किसानों द्वारा खलिहान के रूप में किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है उक्त विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक विद्यालय नहीं आने के बावजूद प्रतिमाह वेतन प्राप्त कर रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार बिना अध्यापन का कार्य किये प्रतिमाह वेतन लेने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करते हुये विद्यालय का नियमित संचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उत्क्रमित करना

*779. श्री विनय कुमार सिंह–क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के निर्णयानुसार प्रत्येक पंचायत में एक-एक उच्च विद्यालय की स्थापना का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है सारण जिला के सोनपुर प्रखंडान्तर्गत हासिलपुर पंचायत, बाजितपुर पंचायत, उपरी बुजुर्ग परमानन्दपुर पंचायत, कसमर पंचायत, चित्रसेनपुर पंचायत कल्याणपुर पंचायत एवं इसहपुर दियारा पंचायत में एक भी उच्च विद्यालय नहीं होने के कारण यहाँ के बच्चे को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाइयाँ होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त पंचायतों में अवस्थित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

चालू करना

*780. श्री ललन कुमार–क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा प्रखंड के पिढ़ौली पंचायत में कस्तूरबा गाँधी विद्यालय के जर्जर भवन के स्थान पर नये भवन के निर्माण का कार्य जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद नहीं कराया गया है, जिसके कारण आठ माह पूर्व पठन-पाठन बंद हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कस्तूरबा गाँधी विद्यालय के भवन का निर्माण कार्य पूरा कराकर पठन-पाठन चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य कराना

*781. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अंतर्गत नीमा ग्राम पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, नीमा संथाल में चहारदीवारी नहीं है तथा विद्यालय प्रांगण सड़क से नीचे रहने के कारण वहाँ वर्षात का पानी जमा हो जाता है जिससे छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ चहारदीवारी का निर्माण और मिट्टी भराई का काम करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रारंभ करना

*782. श्री नितिन नवीन—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार में दिनांक 19 अगस्त, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''जमीन थी नहीं, शिक्षा विभाग ने पास करा दिये मॉडल स्कूल'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में केन्द्र सरकार ने वित्तीय-वर्ष 2009 से 2011 तक पाँच अरब 47 करोड़ 97 लाख की योजना दी है जिसमें कुल 353 स्कूलों को मॉडल बनाया जाना था तथा चयनित स्कूलों में तीन फ्लोर के बिल्डिंग की योजना थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मॉडल स्कूल में 14 क्लास रूम (प्रत्येक में) तीन साइंस लैब के अलावा लाइब्रेरी, आर्ट एंड क्राफ्ट रूम तथा 6 टायलेट बनाये जाने का प्रावधान था;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के तहत राज्य सरकार को 25 प्रतिशत राशि देनी थी एवं उक्त कार्यों को बी०एस०ई०आई०डी०सी० को करना था;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो लगभग चार साल बीतने के पश्चात् एक भी स्कूल में कार्यारम्भ नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

---------

बस का परिचालन

*783. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला में संग्रामपुर प्रखंड मुख्यालय से जिला मुख्यालय मोतिहारी, कमिश्नरी मुख्यालय, मुजफ्फरपुर तथा राज्य मुख्यालय, पटना के लिये कोई भी राज्य परिवहन की बस नहीं चलने से आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान से परिवहन निगम की बस को चालू कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*784. श्री मदन सहनी—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हनुमान नगर प्रखंड के गर्ल्स हाई स्कूल, कोलहंता पटोरी का भवन 2.77 लाख की प्राक्कलन राशि से निर्माण कार्य हो रहा है, जिसमें भवन का निर्माण 90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्कूल भवन का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुसार बालू, छड़, सीमेंट एवं गिट्टी का प्रयोग नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गर्ल्स हाई स्कूल का भवन निर्माण कार्य का जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*785. श्री (डॉ०) इजहार अहमद—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 18 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''हेड मास्टर व शिक्षकों को छात्रों ने खदेड़ा'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, शिक्षा (प्रा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के तारडीह प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महिया में छात्रवृत्ति वितरण में अनियमितता किया गया है;

(2) यदि उक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बिन्दुओं की जाँच कराते हुये छात्रों को छात्रवृत्ति दिलाने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*786. श्री (डॉ०) अरुण कुमार—क्या मंत्री, शिक्षा (मा०शि०) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सलखुआ प्रखंड के ग्राम पंचायत, उटेसरा में उच्च विद्यालय नहीं रहने के कारण वहाँ छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित हो जाते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि माध्यमिक विद्यालय, बहुरवा उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु सभी मानक पूरा करते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचातय में स्थित मध्य विद्यालय, बहुरवा को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय में परिणत करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*787. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के डेहट बेहट मोड़ पर विगत दो वर्षों से अवैध तरीके से शराब बनाकर बेचा जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा 2013 एवं 2014 के सितम्बर महीने में पत्र के माध्यम से एवं दूरभाष के माध्यम से स्थानीय पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया परन्तु आजतक किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अवैध ढ़ंग से बेच रहे देशी शराब की दुकान को बंद करने तथा दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

पटना:
दिनांक 31 मार्च, 2015 (ई०)।

बि०स०मु०(एल०ए०), 172-डी०टी०पी०-450